राजस्थान सरकार
सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग
न्यू.आई.टी. बिल्डिग, योजना भवन, सी–स्कीम, तिलक मार्ग, जयपुर

क्रमांकः एफ.8(349)सूप्रौ/सामान्य/19/ML-3720/2022 जयपुर, दिनांक : 15/01/2022

# कार्यालय आदेश

कोविड–19 के बढ़ते हुए संक्रमण के मध्यनजर सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग/राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड के सभी ग्रुप हैड/प्रभारी अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी/PMU Team मैम्बर्स को उनको आंवटित प्रोजेक्ट्स/कार्यों में कर्मियों की आवश्यकता/महत्ता को ध्यान में रखते हुए अपने स्तर पर निर्णय लेकर कर्मियों की कार्यालय में उपस्थिति/वर्क फ्रॉम होम की व्यवस्था कर सकेंगे।

वर्क फ्रॉम होम की स्थिति में अधिकारी/कर्मचारी दुरभाष पर उपलब्ध रहेगें एवं आवश्यकता होने पर उनको कार्यालय बुलाया जा सकता है। इस संबंध में समुचित व्यवस्था सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग/राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड के ग्रुप हैड/प्रभारी अधिकारी के द्वारा सुनिश्चित की जावेगी।

उक्त आदेश की अनुपालना में सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग/राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड के ग्रुप हैड/प्रभारी अधिकारी अपने स्तर पर आदेश जारी कर उपस्थिति प्रमाणित कर oic.estt@rajasthan.gov.in पर मेल के माध्यम से उपलब्ध करवायेगें।

कोरोना(COVID-19) के क्रम में जिन अधिकारियो/कर्मचारियों की वार रूम (War Room) व किसी अन्य महत्वपूर्ण कार्य हेतु विभाग द्वारा पृथक से लगाई गई ड्यूटी यथावत रहेगी।

उक्त आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

आज्ञा से

(सुनील छाबड़ा)
तकनीकी निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव/आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव, सू.प्रौ और संचार विभाग, राजस्थान जयपुर।
2. निदेशक तकनीकी, राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड, जयपुर।
3. समस्त ग्रुप हैड/ प्रभारी अधिकारी, सू. प्रौ. और संचार विभाग/राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड, जयपुर।
4. प्रभारी अधिकारी वेबसाईट, सू. प्रौ. और संचार विभाग जयपुर।
5. समस्त अधिकारी/कर्मचारी।
6. रक्षित पत्रावली।

तकनीकी निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव